दैनिक जागरण 07/04/2024

फर्राटा दौड़ में बलजिंदर सिंह व रुचि भट्ट ने मारी बाजी

जागरण संवाददाता, अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में शनिवार को खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

आयोजन में कालेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डा. बृजेश कुमार व अन्य ने सहयोग किया, जबकि मंच संचालन डा. अमित ने किया। प्राचार्य ने खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। पुरुष वर्ग बलजिंदर व महिला वर्ग में रुचि भट्ट ने बेस्ट एथलीट का खिताब दिया गया। इस अवसर पर डा. सीमा कंसल, डा. एसएस नैन, डा. एसके पांडे, डा. राकेश कुमार, डा. कृष्णा पूनिया, राजेंद्र देशवाल, डा. अनुपमा सिहाग, डा. मीनू राठी, डा. अमिता, डा. कमलेश, डा. नीना, डा. पिंकी, डा. रितु गुप्ता, डा. नीलम, डा. उपिंदर कौर, डा. मंजीत कौर मौजूद रहे।

वार्षिक खेल प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते हुए। • सौजन्य विज्ञप्ति

- जीएमएन कालेज में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन
- प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेताओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

प्रतियोगिताओं के यह रहे परिणाम

- पुरुष वर्ग 100 मीटर दौड़ में बलजिंदर सिंह ने प्रथम स्थान, सुमित कुमार ने द्वितीय स्थान, पकज और समीर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- महिला वर्ग 100 मीटर दौड़ में रुचि भट्ट में प्रथम स्थान, अवनीत ने द्वितीय स्थान, रमणी और कृतिका ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।
- पुरुष वर्ग लंबी कूद में बलजिंदर ने प्रथम स्थान ,पकज ने द्वितीय स्थान, अमनदीप ने तृतीय स्थान।
- पुरुष वर्ग शाटपुट में अमनदीप ने प्रथम स्थान, नीतीश ने द्वितीय स्थान एवं गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया
- महिला वर्ग की लंबी कूद में रुचि भट्ट ने प्रथम स्थान, संजना राठौर ने द्वितीय स्थान एवं कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया
- महिला वर्ग शाटपुट में संजना ने प्रथम स्थान, भारती द्वितीय स्थान पर और आक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया।